बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड
BIHAR STATE EDUCATIONAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.

(A Govt. of Bihar Undertaking)

ISO 9001:14001;OHSAS 18001

Shiksha Bhawan, Bihar Rashtrabhasa, Parishad Campus, Acharya Shivpujan Sahay Path, Saidpur, Patna-800004

Tel. No : 0612 - 2660850 *Fax No : 0612 - 2660256, E-mail: bseidc@gmail.com

कार्यालय–आदेश

संख्या– 281 पटना, दिनांक–29.09.2023

कोशी प्रमंडल के क्षेत्राधीन ग्रुप सं०–SSS-309 के तहत Construction of Senior Secondary Schools on Panchayat Level in Bihar (M.S. at Godram, M.S. at Kopa, M.S. at Khajraha & M.S. at Aarsi in the District of Saharsa) के भवनों का निर्माण कार्य एकरारनामा संख्या–310 SBD of 2014-15, दिनांक–03.09.2014 में कार्यारंभ की तिथि दिनांक–03.09.2014 एवं कार्य समाप्ति की तिथि दिनांक–02.12.2015 थी। कार्य समाप्ति की तिथि से 07 वर्ष से भी ज्यादा समय बीत जाने के पश्चात भी इस कार्य को आपके द्वारा पूर्ण नहीं कराया गया हैं, जिसमें विभाग की प्रतिष्ठा धूमिल हो रहीं है एवं इसमें खर्च की गयी राशि का उपयोग नहीं हो पा रहा है।

कार्यपालक अभियंता के प्रसांगिक पत्रों पत्रांक–219, दिनांक–14.09.2021, पत्रांक–247, दिनांक–08.10.2021, पत्रांक–12, दिनांक–13.01.2022, पत्रांक–14, दिनांक–09.01.2023 एवं पत्रांक–BSEIDC/EE/Koshi/589, दिनांक–27.06.2023 के द्वारा पूर्व में इस कार्य को पूर्ण करने हेतु आपको कई बार अनुरोध किया जा चुका है। कार्यपालक अभियंता, कोशी प्रमंडल के पत्रांक–BSEIDC/EE/Koshi/618-2023, दिनांक–06.07.2023 द्वारा कार्य को पूर्ण नहीं कराये जाने के कारण बाध्य होकर एकरारनामा को विखंडित करने की अनुशंसा की गयी है। साथ ही आपको Debar भी किया गया जा चुका है।

कार्य की वर्त्तमान स्थिति को देखते हुए आपको एकरारनामा के Clause of Contract के कंडिका–3 (iii), (iv), (v) (vii) (a) के तहत संदर्भित एकरारनामा को आपके Risk & Cost पर विखंडित (Rescind) कर Security Deposit को जब्त करने हेतु कार्यालय पत्रांक–BSEIDC/TECH/135/(Part-IV)2019-2890, Dated-28-03-2023 एवं पत्रांक– BSEIDC/TECH/135/(Part-IV)2019-6517, Dated-09-08-2023 द्वारा कारण पृच्छा की गयी थी। दिनांक–16.08.2023 तक स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु निर्देश दिया गया था, परन्तु आपके द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया। जिससे स्पष्ट होता है कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं कार्यपालक अभियंता, कोशी प्रमंडल के अनुशंसा के आलोक में एकरारनामा के Clause of Contract के कंडिका–3 (iii), (iv), (v) (vii) (a) तथा 14 (iii) 14 (x) (b) के आलोक में संवेदक, M/S Alam Construction Work and Company के Agreement संख्या–310 SBD of 2014-15, दिनांक–03.09.2014 को तत्काल प्रभाव से आपके Risk & Cost पर विखंडित किया जाता है। साथ ही एकरारनामा के Clause of Contract के 3 (vii) (a) के तहत सभी सुरक्षित जमा राशि एवं Performance Security को राज्यसात (Forfeited) किया जाता है।

बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2012 के कंडिका 8 (ii) के आलोक में अन्य कार्यवाई भी की जाएगी।

इस प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–

मुख्य अभियंता

ज्ञापांक– BSEIDC/TECH/135(Part-IV)/2019- पटना, दिनांक–..........................

प्रतिलिपिः–**M/S Alam Construction Work and Company, At-Jhitkiya, Singheshwar, Madhepura, Bihar** को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–

मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– BSEIDC/TECH/135(Part-IV)/2019- पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपिः–कार्यपालक अभियंता, कोशी प्रमंडल, BSEIDC, को निदेश दिया जाता है कि संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में तिथि निर्धारित कर अंतिम मापी कराकर शेष कार्य का विस्तृत प्राक्कलन एवं परिमाण विपत्र तैयार कर समर्पित करें ताकि अग्रत्तर कार्रवाई किया जा सकें।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– BSEIDC/TECH/135(Part-IV)/2019- पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपिः–अधीक्षण अभियंता/कार्यपालक अभियंता (मु०), BSEIDC, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांक– BSEIDC/TECH/135(Part-IV)/2019- पटना, दिनांक–........................

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थय अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रगुख, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता, नगर विकास विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लि०, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

ह०/–
मुख्य अभियंता

ज्ञापांकः– BSEIDC/TECH/135(Part-IV)/2019- 7852 पटना, दिनांक–29.05.2023

प्रतिलिपिः– वरीय लेखा पदाधिकारी, BSEIDC, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त तथ्यों के आलोक में संवेदक, M/S Alam Construction Work and Company, At-Jhitkiya, Singheshwar, Madhepura, Bihar के एकरारनामा संख्या–310 SBD of 2014-15, दिनांक–03.09.2014 के एकरारनामा Clause of Contract के 3 (vii) (a) के तहत सभी सुरक्षित जमा राशि एवं Performance Security जब्त करना सुनिश्चित किया जाए।/निगम बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु श्री पंकज कुमार सिंह कंप्यूटर प्रोगामर को सूचनार्थ प्रेषित।

मुख्य अभियंता